में हत्या का केस दर्ज

ीं चोटें, छह जगह से टूटी हड्डियां

ई मौत के

मेदांता अस्पताल की ट्रेनी नर्स का शव भागीरथी के एन्क्लेव में मिला था। उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे। उसकी हड्डियां छह जगह से टूटी हुई थी।

मामले में सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। उसका शव सोमवार दोपहर भागीरथी एन्क्लेव के बेसमेंट में पड़ा मिला था। कपड़े कई जगह से फटे थे। पुलिस जांच कर रही है। आलमबाग के भरतपुरी निवासी राजेश मिश्रा की बेटी राशि मेदांता अस्पताल में ट्रेनी नर्स थी। 21 जुलाई को उसने नौकरी ज्वाइन की थी। वह अस्पताल के गोमती नगर विस्तार के हुसड़िया स्थित हॉस्टल में रह रही थी। सोमवार को मेदांता के पास ही बने भागीरथी एन्क्लेव के बेसमेंट में उसका शव मिला था। एडीसीपी दक्षिण राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक, राशि एक महिला के साथ अपार्टमेंट में सुबह करीब 11.50 बजे अंदर जाते हुए दिखी थी। इसके बाद वह लिफ्ट से 12वीं मंजिल पर गई और फिर वहां से 14वीं मंजिल पर गई। इसके बाद उसका शव करीब 2.45 बजे बेसमेंट में पड़ा मिला। पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो पता चला कि वह बच्चे को स्कूल से लेकर आ रही थी। युवती को जानती भी नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर कई चोट के निशान मिले हैं। राशि की रीढ़ की हड्डी, बायां हाथ, दोनों पैर टूटे हैं। उसकी हड्डियां 6 जगह से टूटी हैं। मौत का कारण अंदरूनी चोट से अतिरिक्त रक्तस्राव का होना बताया गया है। एडीसीपी दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव के अनुसार, पिता की तहरीर पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

टी सहित खाया जहर, तीनों की मौत

लखनऊ संवाददाता। राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम के सुल्तानपुर गांव में रहने वाले जूनियर इंजीनियर शैलेंद्र ने अपनी पत्नी गीता व 16 वर्षीय बेटी के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पर उन्हें आनन फानन ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया जहां पत्नी की हालत गंभीर थी कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। तीनों के खुदकुशी करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को घर में सुसाइड नोट मिला है जिसके आधार पर कहा जा रहा है कि आत्महत्या का कारण लेन-देन है। शैलेंद्र नलकूप विभाग में जेई थे। प्रभारी निरीक्षक जानकीपुरम छत्रपाल सिंह के मुताबिक शैलेंद्र जानकीपुरम विस्तार इलाके के सुल्तानपुर गांव में परिवार सहित रहते थे। परिवार में पत्नी गीता और 16 साल की बेटी प्राची थी। तीनों ने बुधवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। ऐसे में हालत बिगड़ गई। आनन-फानन आसपास के लोगों ने रिश्तेदारों को सूचना दी और ट्रामा सेंटर लेकर गए, जहां शैलेंद्र और प्राची की मौत हो गई। पत्नी की गीता की हालत गंभीर बनी हुई थी हालांकि, कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। पुलिस के [illegible] सूचना मिलने पर टी[illegible] लेकिन सभी ट्रामा सेंटर [illegible] टीम ट्रामा सेंटर पहु[illegible] पूछताछ की जा रही है।

लायुक्त ने गोमतीनगर डिपो, दुबग्ग
ट्रांसपोर्ट का किया औचक निरीक्षण

ददाता।
दलायुक
ने आज
गा सिटी
निरीक्षण
दौरान
ारी को
श दिये।
र्वप्रथम
निरीक्षण
न उन्होंने
ी कन्डम
नीलामी
जाने के
बसों में
स्थिति की
कहा कि
होने के
डलायुक
स्टॉक से
मस्याओं
राकरण
ा और
को सिटी
को लेकर
त दुबग्गा

इलेक्ट्रिक बस डिपो का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गाड़ियों की साफ-सफाई, पेंटिंग, सर्विस समय-समय पर कराते रहे और साथ ही साथ बसों की मॉनिटरिंग बराबर करते रहे जिससे पता लगाया जाये, बसे कहां जा रही और कहां से आ रही है। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग प्वाइंट का भी मौके पर जाकर मुआइना किया। इलेक्ट्रिक बसों की क्षमता के बारे में सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी लिया। दुबग्गा डिपो के निरीक्षण में महोदया को अवगत कराया गया कि वर्तमान में 60 सी0एन0जी0 बसें, फेम-I योजना के अन्तर्गत 40 इलेक्ट्रिक बसें एवं फेम-II योजना के अन्तर्गत 65 बसों का संचालन किया जा रहा है, शेष फेम-II की 35 बसें शीघ्र ही संचालित की जायेंगी। म[illegible]दया द्वारा स्थापित हेल्पला[illegible] का निरीक्षण भी किया गया[illegible]समें प्राप्त शिकायतों ए[illegible]नके निस्तारण की जानकारी[illegible] करते हुये एक अतिरिक्त [illegible] की तैनाती एवं लाईन स्थापि[illegible] करने के निर्देश दिये गये। म[illegible] द्वारा मे0वासुदेवो सिटी ब[illegible] आपरेशन प्रा0लि0 द्वारा स्थापि[illegible] कन्ट्रोल रूम एवं का भी निरीक्ष[illegible] किया गया।

एपीजे अब्दुल कलाम की सातवीं बरसी पर खिराजे अकीदत पेश किया गया-अकील खान



इटौंजा लखनऊ। सातवीं बरसी पर एपीजे अब्दुल कलाम साहब को खिराजे अकीदत पेश करते है कच्ची का तालाब लखनऊ पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवक्ता मोहम्मद अकील खान के द्वारा27 जुलाई 2022 को हिंदुस्तान के पूर्व राष्ट्रपति बेताज बादशाह भारत के मिसाइल मैन भारत रत्न से नवाजे गए आदर्शवादिता की जीती जागती मिसाल पूर्व राष्ट्रपति महान देशभक्त मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की सातवीं बरसी पर पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन उत्तर प्रदेश की तरफ से नगर पंचायत महोना में संगठन के कार्यालय पर बड़े ही गमगीन माहौल में खिराजे अकीदत पेश की गई। मरहूम डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने कहा था यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते हैं तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखो। शाहीन बेगम पूर्व पार्षद सदस्य जिला नीति आयोग एवं भावी प्रत्याशी अध्यक्ष नगर पंचायत महोना ने कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब जैसा अब इस दुनिया में कोई दूसरा आने वाला नहीं है इमानदारी की एक मिसाल थे जिन्होंने कभी सरकारी पैसे का दुरुपयोग नहीं किया देश के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखते थे कभी भी जातिवाद धर्म को बीच में आने नहीं दिया। राष्ट्रपति रहते हुए अपनी तनख्वाह से गरीबों यती[illegible] मिस्कीनों एवं बेसहारा लोगों की हमेशा मदद करते थे। खि[illegible] अकीदत पेश करने वाले में [illegible]गठन के प्रदेश महासचिव [illegible]हम्मद रईस, महासचिव अली [illegible]बास, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्म[illegible] आदिल खान, प्रदेश सचिव हाशिम [illegible] प्रदेश स[illegible] मोहम्मद [illegible]मर, प्रदेशसचिव इसहाक मोहम्मद, इलियास अहमद, [illegible] अफजाल, शकील [illegible] खान, इमरान शाह, अरबाज सामानी, के साथ बहुत से पदाधिकारी मौजूद थे।

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल दिवस मनाया गया



लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ में कारगिल के शहीदों को याद करते हुए सोमवार को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर सपना वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए देश के लिए शहीद होने वाले वीरों को नमन किया। छात्राओं ने सामूहिक स्वर में हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए और ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आँख में भर लो पानी जैसे देशभक्ति के गीतों से गायन करते हुए कालेज प्रांगण को गुंजायमान किया। यह कार्यक्रम मेजर डॉ रजिया परवीन और हिंदी विभाग की डाक्टर शोभा त्रिपाठी के निर्देशन में हुआ। मनोविज्ञान विभाग की डॉ0 अनुरक्ति चतुर्वेदी ने छात्राओं को कैप्टन मनोज पाण्डे के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।